# ट्रंप ने ईरान को दी जंग की चेतावनी

## अली खामेनेई ने कहा- अमेरिकी की यह अराजकता



**तेहरान/वॉशिंगटन, 02 जनवरी। ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तेजी से बढ़ता दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी शासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों का दमन हुआ तो अमेरिका मूकदर्शक नहीं रहेगा।**

ट्रंप के इस बयान को ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। जवाब में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकारों ने चेताया है कि अमेरिकी दखल पूरे क्षेत्र में अराजकता फैला सकता है।

ईरान में खराब आर्थिक हालात और बढ़ती महंगाई के खिलाफ भड़के जनआक्रोश ने एक बार फिर देश को हिंसक विरोध प्रदर्शनों की आग में झोंक दिया है। 2022 के बाद यह सबसे बड़ा आंदोलन माना जा रहा है। हालात उस समय और गंभीर हो गए जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी शासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई गई या उनकी हत्या हुई, तो अमेरिका हस्तक्षेप के लिए पूरी तरह तैयार है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि अमेरिका किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ खड़ा है और ईरानी जनता की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। उनके इस बयान से ईरान में सत्ता परिवर्तन यानी तख्तापलट की अटकलें भी तेज हो गई हैं। हालांकि, तेहरान ने ट्रंप की चेतावनी को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा जवाब दिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी ने कहा कि अगर अमेरिका ईरान के आंतरिक आंदोलन में कूदा तो पूरे क्षेत्र में तबाही फैल जाएगी। वहीं खामेनेई के एक अन्य सलाहकार अली शामखानी ने चेताया कि ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा एक स्पष्ट रेड लाइन है और खतरा पहुंचाने वाले किसी भी हाथ को काट दिया जाएगा।

### भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ी

ईरान में पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने भारत सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है। इस्फहान में पढ़ाई कर रही भारतीय छात्रा मेहराज फातिमा ने बताया कि उग्र प्रदर्शनों से छात्र डरे हुए हैं, भारतीय दूतावास ने भी पुष्टि की है कि वह सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और उन्हें हिंसाग्रस्त इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ईरान संकट गहराता दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी चेतावनी और अमेरिका के समर्थन भरे बयानों के बाद यह आशंका बढ़ गई है कि यदि हालात और बिगड़े, तो यह आंदोलन सिर्फ आंतरिक नहीं रह जाएगा.

# प्रयागराज में कड़े बंदोबस्त के बीच होगा माघ मेला का आगाज

**प्रयागराज, 02 जनवरी।** संगम नगरी प्रयागराज में ठिठुरन भरी ठंड के में कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच माघ मेला 2026 की शुरुआत शनिवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ होगी। पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व को लेकर माघ मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने कई पुलिस टीमों का गठन कर दिया है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। होटलों और रेस्टोरेंट में भी चेकिंग कराई जा रही है। माघ मेले के सभी इंट्री पॉइंट पर पुलिस फोर्स तैनात कर चेकिंग कराई जा रही है। इसके अलावा शहर क्षेत्र में लगे 1100 से अधिक और माघ मेला क्षेत्र में लगे 400 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन और यातायात प्रबंधन के लिए एआई युक्त कैमरों का भी सहारा लिया जा रहा है।

# राहुल और खरगे ने दूषित जल पर उठाए सवाल

## कांग्रेस नेताओं ने सरकार की लापरवाही बताया


**नई दिल्ली, 02 जनवरी.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इंदौर में दूषित जल से नागरिकों की मृत्यु तथा कई अन्य के बीमार होने की खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद श्री मोदी इस पर मौन हैं।

श्री गांधी ने इस घटना को सरकार की लापरवाही का परिणाम बताया और सवाल किया कि आखिर श्री मोदी ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर भी खामोशी क्यों नहीं तोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेय जल जनता का अधिकार है लेकिन भाजपा की लापरवाह सरकार लोगों को जहरीला पानी बांट रही है। पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने की बजाय भाजपा नेता अहंकारी बयान दे रहे हैं। आश्चर्य यह है कि प्रधानमंत्री इस गंभीर और अत्यंत संवेदनशील मुद्दे पर भी शांत हैं और कुछ नहीं बोल रहे हैं। श्री



गांधी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा इंदौर में पानी नहीं, ज़हर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से भाजपा नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी लेकिन सरकार ने घमंड परोस दिया। उन्होंने सवाल किया इंदौर के लोगों ने बार-बार गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति की शिकायत की, फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई। सीवर की गंदगी पीने के पानी में कैसे मिली।

### लोग साफ पानी को मोहताज



श्री खरगे ने कहा कि जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान का ढिंढोरा पीटने वाले श्री मोदी, हमेशा की तरह इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को लेकर मौन हैं। यह वही इंदौर शहर है जिसने केंद्र सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार आठवीं बार सबसे स्वच्छ शहर होने का खिताब जीता है। ये शर्मनाक बात है कि यहाँ पर भाजपा के निकम्मेपन के चलते लोग साफ पानी के मोहताज हैं। उन्होंने कहा कि 11 साल से देश केवल लंबे-चौड़े भाषण, झूठ-प्रपंच, खोखले दावे, डबल-इंजन की डींगें सुन रहा है। कमाल यह है इस घटना को लेकर जब मध्य प्रदेश के मंत्री से सवाल पूछा जाता है तो वे गाली-गलौज पर उतर आते हैं। सत्ता के अहंकार में उल्टा पत्रकार पर हावी हो जाते हैं। भाजपा के शासन में हर जगह यही स्थिति है और जब स्थिति का खुलासे होते हैं तो भाजपा सरकारों के कुशासन पर पूरी मशीनरी पर्दा डालने में जुट जाती है।

# मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन को मिली रफ्तार


**मुंबई, 02 जनवरी।** अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक और महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की गई है।

- लघर में पहाड़ी सुरंग-5 का परीक्षण सफल
- विरार-बोईसर के बीच 1.5 किमी सुरंग पूरी



शुक्रवार को विरार और बोईसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित 1.5 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग (माउंटेन टनल-5) को सफलतापूर्वक खोला गया। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली के रेल भवन से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इसे परियोजना के लिए एक बड़ा दिन बताया।

### यह सुरंग सबसे लंबी पहाड़ी सुरंगों में शामिल : वैष्णव



रेल मंत्री ने कहा कि पालघर जिले की यह सुरंग क्षेत्र की सबसे लंबी पहाड़ी सुरंगों में शामिल है और यह महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना की दूसरी पूर्ण सुरंग है। इससे पहले सितंबर 2025 में ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच करीब पांच किलोमीटर लंबी देश की पहली अंडरग्राउंड हाई-स्पीड रेल सुरंग का निर्माण पूरा किया गया था। उन्होंने जानकारी दी कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना की कुल लंबाई 508 किलोमीटर है, जो महाराष्ट्र, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली से होकर गुजरती है।

# अंजान लिंक पर क्लिक करने पर बैंक खाते से उड़े 25 लाख

**आगरा 02 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में फेसबुक पर आए गेम का लिंक खोलना पर एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। गेम का लिंक खोलते के बाद 25 लाख रुपए की चपत लग गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हस्तिनापुरी निवासी उमेश सिंह ने थाना सदर में केस दर्ज करवाया है। पुलिस के मुताबिक फेसबुक चलाते वक्त उमेश सिंह के पास गेम का एक लिंक आया। उसने जैसे ही गेम का लिंक खोला वैसे ही उमेश के बैंक एकाउंट से अलग अलग किश्तों में करीब 25 लाख रुपए चले गए। उमेश सिंह ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवाई है.



### अद्भुत कलाकृतियां

अहमदाबाद फ्लावर शो में फूलों से रची अद्भुत कलाकृतियाँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए इसे जनभागीदारी, प्रकृति और शहर की जीवंत भावना का सुंदर उदाहरण बताया।

## एक नजर में



### कैब किराया अब सरकार तय करेगी

**जयपुर.** भजनलाल सरकार ने जयपुर में गिग वर्कर्स के लिए परिवहन विभाग ने एग्रीगेटर पॉलिसी लागू कर दी है। विभाग ने 10 दिन पहले पॉलिसी का ड्राफ्ट जारी करके लोगों से सुझाव मांगे थे। अब विभाग संयुक्त शासन सचिव एवं अतिरिक्त आयुक्त, परिवहन, ओपी बुनकर ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नोटिफिकेशन जारी करने के बाद अब प्रदेश में कैब कंपनियां को नियमों के तहत काम करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भरना होगा। लाइसेंस भी निरस्त होगा। अब किराया सरकार तय करेगी। किराए की 80% राशि वाहन मालिक को जाएगी। यदि कोई यात्रा बिना उचित कारण रद्द की जाती है, तो ड्राइवर या यात्री पर अधिकतम 100 रुपए तक पेनल्टी लगाई जा सकेगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए सक्रिय कंट्रोल रूम और कॉल सेंटर खोलना अनिवार्य होगा। एप के माध्यम से यात्री अपनी लाइव लोकेशन साझा कर सकेंगे और आपात स्थिति में पैनिक अलर्ट सीधे पुलिस और कंट्रोल रूम तक पहुंचेगा। कंपनियां को पांच वर्ष के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

### दिल्ली में शुक्रवार को 66 उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली.** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को 66 उड़ानें रद्द रहीं। दिल्ली में आज कोहरा कम था, लेकिन देश के दूसरे हिस्सों में कोहरे के कारण वहां से आने वाली और वहां जाने वाली उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न विमान सेवा कंपनियों ने आज दिल्ली आने वाली 32 और यहां से जाने वाली 34 उड़ानें रद्द कीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी की भी सूचना है। उल्लेखनीय है कि आज दिल्ली में रनवे पर दृश्यता ठीक रही, लेकिन दूसरे शहरों में कोहरा रहा। अमृतसर हवाई अड्डे पर भी आज सुबह घना कोहरा रहा।

# मुकदमेबाजी को हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बना सकते : सुको

**नई दिल्ली, 2 जनवरी.** वैवाहिक विवादों से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पति का पत्नी पर आर्थिक या वित्तीय प्रभुत्व अपने आप में क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता. शीर्ष अदालत ने कहा कि आपराधिक मुकदमेबाजी को निजी बदले या हिसाब चुकता करने का जरिया नहीं बनने दिया जा सकता. यह टिप्पणी अदालत ने पति के खिलाफ क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का मामले में की.

# जेल से आतंकी साजिश का पर्दाफाश!

## एएसआई और डॉक्टर समेत तीन पर एनआईए के पूरक आरोप पत्र

**नई दिल्ली, 02 जनवरी.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 2023 के बेंगलुरु जेल मामले में एक सहायक उप निरीक्षक और एक डॉक्टर समेत तीन और आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस आरोप पत्र में एक महिला अनीस फातिमा, सहायक उप निरीक्षक चान पाशा ए और मनोचिकित्सक डॉ. नागराज एस को आरोपी बनाया गया है। इन पर भारतीय दंड संहिता, यूएपीए, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एनआईए ने अक्टूबर 2023 में स्थानीय पुलिस से इस मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। इस मामले में भगोड़े जुनैद अहमद सहित नौ आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

> ताजा आरोप पत्र के अनुसार, अनीस फातिमा की पहचान जुनैद की मां के रूप में की गई है। उसने बेंगलुरु के केंद्रीय कारागार परप्पन अग्रहारा के अंदर टी. नसीर को रसद और धन पहुंचाया। वह अपने बेटे के निर्देश पर हथगोले और वॉकी-टॉकी संभालने में भी शामिल थी। उसने एक अन्य आरोपी सलमान खान को दुबई भगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# इंटरनेशनल टाइगर मैराथन अलवर में आठ जनवरी को

## देश-विदेश के धावक शिरकत करेंगे : भूपेन्द्र यादव



**अलवर, 02 जनवरी। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि अलवर में अलवर मैराथन आठ जनवरी को आयोजित की जाएगी और इस दौड़ को इंटरनेशनल टाइगर मैराथन नाम दिया गया है।**

श्री यादव ने शुक्रवार को राजस्थान में अलवर में बताया कि इसमें देश-विदेश के मैराथन धावक शिरकत करेंगे। इसका आयोजन जंगल और बाघों के संरक्षण के लिए किया जा रहा है और शायद यह देश का इस तरह का पहला आयोजन है। उन्होंने बताया कि इसके संयोजक पूर्व पार्षद अरुण जैन और सहसंयोजक गगन सिंह को बनाया गया है । इसके लिए शहर की समितियां गठित कर दी गई हैं। वह आज विभिन्न समितियां से मिलेंगे और इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरा काम किया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि इस आयोजन के लिये अंतरराष्ट्रीय समन्वयक भी सात जनवरी तक आ जाएंगे। अलवर में सामुदायिक खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसके लिए अलवर शहर विधायक और राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अच्छा काम किया है।

> उन्होंने बताया कि सम्पर्क मार्गों के लिए केंद्रीय परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने 823 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं। इससे अलवर जिले में काफी सड़कों का जुड़ाव होगा और यह सभी एक्सप्रेस-वे से जुड़ेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अलवर रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास शीघ्र होगा। श्री यादव ने कहा कि शीघ्र ही अलवर में नये डेयरी संयंत्र के लिए भूमि पूजन किया जाएगा। इसके लिए 350 करोड रुपए स्वीकृत हो गए हैं, जिसमें साढ़े पांच लाख लीटर दूध तैयार होगा। हॉकी को लेकर उन्होंने कहा कि साइ हॉस्टल पर काम करेंगे। इसके अलावा अलवर लोकसभा क्षेत्र का दूसरा हॉकी स्टेडियम का निर्माण शाहजहांपुर में प्रस्तावित है। इसकी शीघ्र घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने का काम शीघ्र शुरू किया जाएगा।

# विभाग आवंटन बजट का करें इस्तेमाल

**लखनऊ, 2 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जारी बजट के व्यय को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा बैठक की और विभागों से समय से आवंटित बजट का इस्तेमाल करने के निर्देश दिये।**

### मुख्यमंत्री योगी ने वित्तीय वर्ष 25-26 की समीक्षा की

बैठक में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभागों के बजट प्राविधान के सापेक्ष शासन द्वारा जारी स्वीकृतियों, विभागाध्यक्ष द्वारा आवंटन, व्यय आदि की अद्धयावधिक प्रगति पर अधिक बजट प्राविधान वाले प्रमुख 20 विभागों का प्रस्तुतिकरण किया गया। योगी ने प्रमुख 20 विभागों के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सभी प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभाग समय से आवंटन बजट का इस्तेमाल करें ताकि परियोजनाएं और योजनाएं समय से पूरी हो सकें।



> उन्होने कहा कि बजट को समय से खर्च करने के लिए अधिकारी निर्णय लेने का सामर्थ्य विकसित करें। जिन विभागों में बजट व्यय की प्रगति धीमी है, वह इसमें तेजी लाएं। साथ ही बजट को समय से खर्च करने के लिए हर स्तर पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय हो। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी विभाग के अधिकारी तुरंत निर्णय लें। उन्होंने कहा कि निर्णय लेने में देरी से समय से बजट व्यय नहीं हो पाता है। ऐसे में निर्णय लेने में तेजी दिखाएं।

## आज का इतिहास

- 1831- देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म।
- 1836- मुंशी नवल किशोर का जन्म।
- 1880- इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' का पहला अंक बम्बई में प्रकाशित।
- 1894- रवीन्द्र नाथ टैगोर ने 'शांति निकेतन' में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया।
- 1927- ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री जानकी बल्लभ पटनायक का निधन।
- 2020- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु में 107वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया.

# नड्डा ने भारतीय फार्माकोपिया 2026 का विमोचन किया



**नई दिल्ली, 02 जनवरी.** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने भारतीय फार्माकोपिया 2026 (आईपी 2026) का शुक्रवार को विमोचन किया। यह भारत की औषधि मानकों की आधिकारिक पुस्तक का 10वां संस्करण है।

श्री नड्डा ने कहा कि भारतीय फार्माकोपिया देश में दवाओं के लिए आधिकारिक मानक पुस्तक के रूप में कार्य करती है और भारत के फार्मास्यूटिकल्स नियामक ढांचे का आधार है। उन्होंने कहा कि 10वां संस्करण वैज्ञानिक प्रगति, वैश्विक सर्वोत्तम विधियों और फार्मास्युटिकल विनिर्माण और विनियमन में भारत के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भारतीय फार्माकोपिया 2026 में 121 नए मोनोग्राफ शामिल किए गए हैं, जिससे मोनोग्राफ की कुल संख्या बढ़कर 3,340 हो गई है। उन्होंने कहा कि तपेदिक रोधी, मधुमेह रोधी और कैंसर रोधी दवाओं के साथ-साथ आयरन सप्लीमेंट सहित प्रमुख चिकित्सीय श्रेणियों में कवरेज को काफी मजबूत किया गया है.

**कार्रवाई** | पुलिस पर पथराव करने वाले उपद्रवियों का अतिक्रमण किया ध्वस्त

# चौमूं में पत्थरबाजों के घर पर चला बुलडोजर

**जयपुर 02 जनवरी।** राजस्थान में जयपुर के चौमूं में सरकारी काम में व्यवधान डालने एवं पुलिस पर पथराव करने वाले उपद्रवियों पर भजनलाल सरकार ने सख्त रुख अपनाया है और शुक्रवार को उनके अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चौमूं में नियमानुसार 23 अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर गत 31 दिसंबर तक अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया गया था, लेकिन इस अवधि तक अतिक्रमण नहीं हटाने पर शुक्रवार को इन अतिक्रमणों को हटा दिया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया। 25 दिसंबर को चौमूं बस स्टैंड स्थित मस्जिद के बाहर हुए विवाद और पुलिस पर पत्थरबाजी के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन ने बवाल के आरोपियों के घरों और अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया। इमाम चौक जाने वाले मार्ग और पठानों के मोहल्ले में बने अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया, जबकि तीन इमारतों को सील कर दिया गया। क्षेत्र में शांति बहाल के लिए ऐहतियातन इलाके में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से बंद करनी पड़ी थीं।

> घटना के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पथराव करने वालों को चेताया था कि पत्थर फेंकने वालों पर फूल नहीं बरसाये जा सकते कार्रवाई के दौरान पुलिस को एक एयरगन और कई धारदार हथियार भी बरामद हुए हैं। प्रशासन ने इससे पहले अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर तीन दिन का समय दिया था। नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद भवनों पर निशान लगाए गए और शुक्रवार को 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई।

# चौटाला के बिगड़े बोल

## भारत में बांग्लादेश-नेपाल जैसे आंदोलन की जरुरत

**चंडीगढ़, 02 जनवरी.** हरियाणा के जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला का विवादित बयान सामने आया है. चौटाला ने महेंद्रगढ़ जिले में आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन में विवादास्पद बात की. जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासकों को गद्दी से खींचकर सड़कों पर दौड़ाकर पीटने का काम करना पड़ेगा. उन्होंने यह तक कह दिया कि भारत में नेपाल और बांग्लादेश जैसे आंदोलन की जरूरत है, जहां शासकों के साथ बर्बरता की गई थी. जेजेपी अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा, इनको (शासकों को) देश छोड़ने पर मजबूर करने का काम करना पड़ेगा, जिस तरीके से बांग्लादेश नेपाल और श्रीलंका में हुआ ऐसा ही आंदोलन यहां करना पड़ेगा. बता दें, अजय चौटाला हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पिता हैं और पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के बेटे हैं.

### कहा- शासकों को दौड़ाकर पीटना होगा

